नाम ................................ अनुक्रमांक ................

# वार्षिक परीक्षा, 2025

B/30,000 **हिन्दी**

## कक्षा—9

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[ पूर्णांक : 70**

**निर्देश**—(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है—खण्ड-'अ' एवं खण्ड-'ब'।
(iii) खण्ड-'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं।
(iv) खण्ड-'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

### खण्ड 'अ'
### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR आन्सर शीट पर अंकित कीजिए—**

1. **खड़ी बोली गद्य के जनक हैं—** 1
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) जयशंकर प्रसाद
(C) प्रतापनारायण मिश्र (D) इनमें से कोई नहीं

2. **'चन्द्रकान्ता' किस विधा की रचना है ?** 1
(A) उपन्यास (B) कहानी (C) नाटक (D) रेखाचित्र

3. **हिन्दी का प्रथम नाटक है—** 1
(A) नहुष (B) चन्द्रगुप्त
(C) ध्रुवस्वामिनी (D) इनमें से कोई नहीं

4. **द्विवेदी युग का महाकाव्य नहीं है—** 1
(A) प्रियप्रवास (B) साकेत (C) कामायनी (D) द्वापर

5. **'कन्यादान' निबन्ध के लेखक हैं—** 1
(A) मोहन राकेश (B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी (D) सरदार पूर्ण सिंह

6. **किस काल को हिन्दी काव्य का स्वर्ण युग कहा जाता है ?** 1
(A) भक्तिकाल (B) रीतिकाल
(C) आदिकाल (D) आधुनिक काल

7. **निम्न में कौन छायावादी कवि हैं—** 1

(A) जयशंकर प्रसाद (B) महादेवी वर्मा

(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (D) इनमें से सभी

8. **हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है—** 1

(A) खुमान रासो (B) बीसलदेव रासो

(C) पृथ्वीराज रासो (D) परमाल रासो

9. **हिन्दी साहित्य को आदिकाल के लिए 'सिद्ध सामन्त काल' नाम दिया—** 1

(A) राहुल सांकृत्यायन ने (B) रामचन्द्र शुक्ल ने

(C) रामकुमार वर्मा ने (D) डॉ० नगेन्द्र ने

10. **'सहे वार पर वार अन्त तक लड़ी वीर बाला-सी।' इस पंक्ति में कौन-सा रस है ?** 1

(A) वीर रस (B) शृंगार रस (C) रौद्र रस (D) हास्य रस

11. **'अमिय मूरिमय चूरन चारू। समन सकल भव रुज परिवारू।' में छन्द है—** 1

(A) दोहा (B) चौपाई (C) सोरठा (D) रोला

12. **'चारु चन्द्र की चंचल किरणें।' में कौन-सा अलंकार है ?** 1

(A) अनुप्रास अलंकार (B) रूपक अलंकार

(C) यमक अलंकार (D) श्लेष अलंकार

13. **सही वर्तनी का चयन कीजिए—** 1

(A) संहार (B) सनहार (C) समहार (D) संचार

14. **'किरपा' शब्द का तत्सम है—** 1

(A) कृपा (B) क्रपा (C) क्रिपा (D) दया

15. **'अथ' का विलोम है—** 1

(A) बाद (B) अन्त (C) इति (D) शुरू

16. **निम्न में अमृत का पर्यायवाची नहीं है—** 1

(A) पीयूष (B) सुधा (C) अहं (D) अमिय

17. **'नवरत्न' में समास है—** 1

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व (C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

18. **'प्रत्युपकार' में सन्धि है—** 1

(A) यण् सन्धि (B) वृद्धि सन्धि (C) अयादि सन्धि (D) दीर्घ सन्धि

19. **'रामाणाम्' शब्द में विभक्त एवं वचन है—** 1

(A) द्वितीया विभक्ति, एकवचन (B) तृतीया विभक्ति, एकवचन

(C) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन (D) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन

20. **'गच्छेत्' किस लकार का रूप है ?** 1

(A) लट् लकार (B) विधिलिङ्ग लकार

(C) लृट् लकार (D) लोट् लकार

**खण्ड 'ब'**

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

21. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** 2+2+2=6

किसी का दिल दिखाए बिना, किसी पर आघात किए बिना, कुसंस्कारों को छिन्न करने को शक्ति आज उसकी याद आए बिना नहीं रह सकती। वह सब प्रकार से लोकोत्तर है उसका उपचार प्रेम और मैत्री है। उसका शास्त्र सहानुभूति और हित-चिन्ता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) गुरु नानक के चरित्र की विशेषताएँ बताइए।

**अथवा**

"सूरज डूबने लगा और धीरे-धीरे ग्लेशियरों में पिघली केसर बहने लगी। बर्फ़ कमल के लाल फूलो पर सब चुपचाप थे गुमसुम जैसे सबका कुछ छिन गया हो या शायद सबको कुछ ऐसा मिल गया हो, जिसे अन्दर ही अन्दर सहेजने में सब आत्मलीन हो अपने में डूब गए हों।"

(क) गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) अँधेरा होने पर घाटियाँ कैसी हो गई थीं ?

22. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** 2+2+2=6

पंचवटी की छाया में है, सुन्दर पर्ण-कुटीर बना,
उसके सम्मुख स्वच्छ शिला पर, धीर वीर निर्भीक मना,
जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जबकि भुवन-भर सोता है ?
भोगी कुसुमायुध योगी-सा, बना दृष्टिगत होता है।

(क) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) 'पंचवटी' और 'धनुर्धर' में कौन-सा समास है ?

**अथवा**

निकला पहिला अरविन्द आज,
देखता अनिन्द्य रहस्य-साज,
सौरभ-वसना समीर बहती,
कानों में प्राणों को कहती,
गोमती क्षीण-कटि नटी नवल
नृत्य पर मधुर आवेश चपल।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) गोमती नदी में कम पानी होने की तुलना किससे की गई है ?

23. **निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए—** 2+3=5

**(क)** रामकृष्णः एकः विलक्षणः महापुरुषः अभवत्। तस्य विषये महात्माना गान्धिना उक्तम्—"परमहंसस्य रामकृष्णस्य जीवनचरितं धर्माचरणस्य प्रायोगिकं विवरणं विद्यते। तस्य जीवनम् अस्मभ्यम् ईश्वरदर्शनाय शक्तिं ददाति। तस्य वचनानि न केवलं कस्याचित् नीरसानि ज्ञानवचनानि अपितु तस्य जीवनग्रन्थस्य पृष्ठानि एव। तस्य जीवनं अहिंसायाः मूर्तिमान् पाठः विद्यते।"

**अथवा**

श्रीकृष्णस्य मातुलः अत्याचारी शासकः आसीत्। सः पूर्वं स्वभगिन्याः देवक्याः श्री वसुदेवेन सह विवाहम् अकरोत्। पश्चात् आकाशवाण्या देवकी पुत्रेण स्वमृत्युसमाचारं विज्ञाय उभावपि कारागारे न्यक्षिपत्। तत्रैव कारागारे श्रीकृष्णः जात।

**(ख) निम्नलिखित में से किसी एक श्लोक की सन्दर्भ-सहित हिन्दी में व्याख्या कीजिए—**
2+3=5

वृत्तं यत्नेन संरक्षेत्, वित्तमायाति याति च।
अक्षीणो वित्ततः, क्षीणो, वृत्तस्तु हतोहतः॥

**अथवा**

सत्याधारस्तपस्तैलं दयावर्तिः क्षमा शिखा।
अन्धकारे प्रवेष्टव्ये दीपो यत्नेन वार्यताम्॥

24. **'व्यवहार' एकांकी के प्रमुख युवा पात्र 'क्रान्तिचन्द्र' का चरित्र-चित्रण कीजिए।** 5

**अथवा**

'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

25. **(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय एवं उनकी एक प्रमुख रचना का नाम लिखिए—** 3+1=4

(i) महादेवी वर्मा (ii) धर्मवीर भारती (iii) रवीन्द्रनाथ टैगोर

**(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय एवं उनकी एक प्रमुख रचना का नाम लिखिए—** 3+1=4

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) मैथिलीशरण गुप्त (iii) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

26. **अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो।** 2

27. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए—** 1+1=2

(i) कः वेदवेदाङ्गः तत्त्वज्ञः आसीत् ? (ii) कस्य संसर्गः त्यजेत् ?
(iii) रामकृष्णस्य कः महान् सन्देशः ? (iv) देवकी का आसीत् ?

28. **निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्ति में से किसी एक का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए—** 2

(i) दुम दबाकर भागना। (ii) दंग रह जाना।
(iii) दाँत खट्टे करना। (iv) फूंक-फूंककर कदम रखना।

29. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए—** 4

(i) मैं सत्य बोलूँगा। (ii) तुम क्यों रोते हो।
(iii) मैंने कल सर्प देखा। (iv) विद्यालय के बगीचे में फूल है।

30. **अपने प्रधानाचार्य को आकस्मिक अवकाश हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।** 5

★ ★ ★ ★ ★